हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 13 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 36 .5 डिग्री
न्यूनतम 16 .5 डिग्री

12 बहुतकनीकी धामलावास में दो दिवसीय खेलकूद सम्पन्न, लड़के व लड़कियों ने दिखाए जौहर



12 पुलिस ने अवैध कारोबारों में संलिप्त 258 आरोपियों को दबोचा, बारह साइबर ठग किए काबू



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। गत 27 फरवरी को गढ़ी बोलनी रोड पर हुए हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद गढ़ी बोलनी रोड पर एक सोसायटी में रहने वाले धीरेन पवार को काबू कर लिया। उसकी टियागो कार भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में मां-बेटा काबू

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने दहेज की मांग पर महिला को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। शहर की एक कॉलोनी निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के कारण पुलिस ने गत 26 फरवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने दिल्ली के कृष्णा नगर निवासी रेखा और उसके बेटे हर्ष को गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट मामले का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल मेंउपचाराधीन घायल के बयान पर गत 27 फरवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। घायल ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद गुरुग्राम जिले के नानूकलां निवासी आकाश को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### चोरी के आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने चोरी के मामलों में दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने गत वर्ष 18 अक्टूबर को दर्ज किए गए मामले में नूंह के सौंध निवासी मकसूद को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपी को चोरी के अन्य मामलों में गिरफ्तार किया गया था। उसने जिले में कई वारदातों को अंजाम दिया हुआ है। 11 जनवरी 2019 को दर्ज मामले में पुलिस ने राजस्थान के टोरडा निवासी अमरसिंह को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। वह अन्य मामले में जेल में बंद चला आ रहा है।

### करंट की चपेट में आकर भैंस मरी

**बावल।** मोहल्ला हसनपुर में करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई। मोहल्ला निवासी लक्खी के घर के पास बिजली का पोल है, जिस पर स्टे वायर लगा हुआ है। तार में करंट प्रवाहित होने के कारण उसकी भैंस करंट की चपेट में आ गई। लोगों ने बिजली निगम को सूचना देकर लाइट बंद कराई, लेकिन तब तक भैंस की मौत हो गई। उसने पुलिस शिकायत में आरोप लगाया कि निगम की लापरवाही के कारण उसकी भैंस मरी है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर जांच शुरू कर दी।

### यादव सभा का स्वास्थ्य जांच कैंप रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 15 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाओं के साथ फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव सभा के प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, न्यूरोसर्जरी, चर्म रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग व दंत रोग के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेगी।

*घरों में एडवांस सिलेंडर रखने के लिए मारामारी, होटल-ढाबों पर पीएनजी से चल रहा काम*

# गैस की पर्याप्त आपूर्ति पर भारी अफवाहों का बाजार जमाखोरी को लेकर गैस सिलेंडरों के लिए हा-हाकार

### रेहड़ी-खोमचे वालों को नहीं मिल रहे सिलेंडर, अफवाहों का असर पेट्रोल पंपों तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

अमेरिका-इजराइल के साथ चल रहे ईरान युद्ध के बीच अभी तक घरेलू गैस की आपूर्ति पर कोई असर नहीं हुआ है, परंतु भविष्य में गैस की कमी की आशंका को देखते हुए अफवाहों के गर्म बाजार ने इसका संकट पैदा कर दिया है। लोग आने वाले समय में गैस की किल्लत की आशंका को देखते हुए घर में उपलब्ध सभी सिलेंडर भरवाकर स्टॉक करने के लिए गैस एजेंसियों पर सुबह से कतार में लगने शुरू हो जाते हैं। सर्वर डाउन रहने से परेशानी जरूर आ रही है। होटल-ढाबों पर पीएनजी की सप्लाई सुचारू रूप से चल रही है। जिनके पास पीएनजी कनेक्शन नहीं हैं, वह बिजली को विकल्प के रूप में अपनाने लगे हैं, जबकि रेहड़ी-खोमचे वालों को सिलेंडर नसीब नहीं हो रहे हैं। अब पेट्रोल पंपों पर भी डीजल व पेट्रोल की खरीदारी बढ़नी शुरू हो गई है, जबकि इनकी आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है। भविष्य में गैस की किल्लत की आशंका लोगों को अभी से परेशान कर रही है। वीरवार को सुबह से ही जिले की सभी 22 गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए ग्राहकों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। लोग एजेंसियां खुलने से पहले ही सिलेंडर लेकर पहुंचकर कतार में लगने शुरू हो गए। देखते ही देखते ही एजेंसियों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी। एजेंसी मालिक और मैनेजर लोगों को समझाने की कौशिश करते रहे, परंतु उनमें तुरंत सिलेंडर हासिल करने की होड़ सी लगी रही। सर्वर में दिक्कत आने के कारण एजेंसी संचालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ एजेंसियों पर भीड़ के चलते पुलिस बल भी तैनात करना पड़ा। अभी तक घरेलू गैस की आपूर्ति पर कोई असर नहीं हुआ है। इसके बावजूद लोग घर पर मौजूद एक से अधिक यूनिटों के कनेक्शन के सभी सिलेंडर भरवाने की होड़ में लगे हुए हैं। उन्हें आने वाले दिनों में युद्ध जारी रहने पर गैस की किल्लत की आशंका सताने लगी है। लोग अधिक से अधिक सिलेंडरों का भंडारण करने में लगे हुए हैं, जिससे गैस उपलब्धता के बावजूद संकट खड़ा हो रहा है।



रेवाड़ी। बावल में भारत गैस एजेंसी के बाहर लगी भीड़। फोटो : हरिभूमि

### पीएनजी से होटल मालिकों को राहत

बड़े होटल और ढाबा मालिकों में से लगभग 80 फीसदी तक ने पाइप्ड नेचुरल गैस के कनेक्शन लिए हुए हैं। पीएनजी की आपूर्ति में भी अभी तक कोई कमी नहीं आई है, जिस कारण होटल-ढाबा मालिकों को ज्यादा समस्या नहीं आ रही है। जिन होटल-ढाबा मालिकों के पास पीएनजी कनेक्शन नहीं हैं, वह खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल करने लगे हैं। अभी तक खाने के दामों पर खास असर देखने को नहीं मिल रहा है, परंतु आने वाले दिनों में खाना भी महंगा हो सकता है।

### रेहड़ी-खोमचे वालों के लिए मुश्किल

गैस एजेंसियों पर कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति सिर्फ शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों तक सीमित कर दी गई है। अन्य उपभोक्ताओं को कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति रोक दी गई है। इससे रेहड़ी-खोमचे वाले लोगों के लिए चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है। वह विकल्प के तौर पर बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल भी नहीं कर पा रहे हैं। कई लोगों का धंधा चौपट होने के कगार पर है। रेहड़ियों पर खाना नहीं मिलने के कारण होटलों पर खाना महंगा होने की आशंका पैदा हो गई है।



रेवाड़ी। उपभोक्ता को इंडियन के सिलेंडर देते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### उपभोक्ताओं को पैनिक होने की जरूरत नहीं

जिले में गैस आपूर्ति की अभी कोई समस्या नहीं है। विभाग की ओर से गैस एजेंसियों के स्टॉक की नियमित जांच की जा रही है। उपभोक्ताओं को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। सर्वर डाउन होने की जरूर समस्या है। किसी तरह की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

-नितिश कुमार सिंगला, डीएफएससी।

### सर्वर के कारण आ रही परेशानी

गैस की सप्लाई पर अभी तक कोई असर नहीं पड़ा है। सर्वर धीरे चलने के कारण एजेंसी पर सिलेंडर देने के कार्य में देरी जरूर हो रही है। वाणिज्यिक सिलेंडर अस्पतालों और शिक्षण संस्थाओं को ही दिए जा रहे हैं। जमाखोरी की आदत ने समस्या जरूर पैदा कर दी है।

-प्रवीन चौधरी, संचालक, रेवाड़ी गैस सर्विस।



रेवाड़ी। बावल में भारत गैस एजेंसी की बाहर लगी कतार। फोटो : हरिभूमि

### शादी-समारोह में बढ़ेगी परेशानी

शादी-समारोह का आयोजन करने वाले लोगों ने पहले से सिलेंडरों की व्यवस्था की हुई है। जो लोग पहले से व्यवस्था नहीं कर पाए, उन्हें सिलेंडरों की किल्लत का सामना जरूर करना पड़ेगा। रोटी पकाने के लिए हलवाई लकड़ी के चूल्हे और तंदूरों का इस्तेमाल पहले से ही करते आए हैं। अगर सिलेंडरों की किल्लत आई, तो उन्हें भी लकड़ी या कोयले से चलनी वाली भट्टी के युग की ओर लौटना पड़ेगा।

### जल्द गुलजार होंगे ईंधन के चूल्हे

गांवों में लकड़ी के रइंधन से चूल्हा जलाकर खाना पकाने की परंपरा लगभग समाप्त हो चुकी है। गांवों में अधिकांश परिवार खाना पकाने के लिए गैस पर निर्भर हो चुके हैं। भविष्य में गैस के संकट को देखते हुए बुजुर्ग महिलाओं ने अभी से अपने चूल्हों को खाना पकाने के लिए तैयार करना शुरू कर दिया है। अगर युद्ध जारी रहा और गैस की किल्लत पैदा हुई, तो ग्रामीण क्षेत्रों में इंधन के चूल्हे भी जल्द गुलजार होते हुए नजर आएंगे।

### पेट्रोल-डीजल के भंडारण की होड़

युद्ध के चलते आने वाले दिनों में पेट्रोलियम पदार्थों की कमी की आशंका से पेट्रोल और डीजल का भंडारण करने के लिए लोग आगे आने लगे हैं। आईओसी के डीलर मनोज गर्ग ने बताया कि तेल कंपनियों की ओर से सप्लाई में कोई कटौती नहीं की जा रही है। कुछ पेट्रोल पंपों पर उनके वित्तीय कारणों के चलते तेल सप्लाई बाधित है, लेकिन अन्य सभी पर यह सुचारू रूप से चल रही है। लोगों को अफवाहों से बचते हुए पेट्रोल-डीजल के भंडारण की ओर नहीं भागना चाहिए।

## दो पेट्रोल पंपों पर सेंध हजारों की नकदी ले गए, सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

टहना दीपालपुर के पास रात के समय चोर दो पेट्रोल पंपों के ऑफिसों में सेंध लगाकर हजारों रुपये नकदी चोरी कर ले गए। चोरी की घटना सीटीटीवी कैमरों में कैद हो गई। रोहड़ाई थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। दोनों पेट्रोल पंप रोहतक नेशनल हाइवे पर पास-पास बने हुए हैं। कोमल पेट्रोल पंप के मैनेजर घासेड़ा निवासी हरीश कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि पंप के सेल्समैन रात को बाहर सोए हुए थे। चोरों ने ऑफिस की कुंडी तोड़कर अलमारी से 28900 रुपये चोरी कर लिए। सीसीटीवी कैमरे में एक चोर ऑफिस में घुसकर चोरी करता हुआ व कुछ समय बाद बाहर निकलता हुआ नजर आ रहा है। सुबह जब सेल्समैन उठा, तो उसने चोरी के बारे में बताया। लगभग आधा किलोमीटर दूर देव फिलिंग स्टेशन के मैनेजर भूपेंद्र ने बताया कि उसके ऑफिस से भी चोर 13950 रुपये चोरी कर ले गए। पुलिस ने हरीश की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।



रेवाड़ी। पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में कैद चोर। फोटो : हरिभूमि

### एक ही युवक दोनों जगह आया नजर

*पेट्रोल पंपों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई, तो दोनों जगह एक ही युवक चोरी करता हुआ नजर आ रहा है। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेने के बाद आरोपी की पहचाने कराने के प्रयास शुरू कर दिए। पंप मैनेजर अपने स्तर पर भी चोर का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं।*

## आईजीयू में नैक की तैयारियों को लेकर व्याख्यान का आयोजन

*मीरपुर। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के आंतरिक गुणवत्ता एवं प्रत्यायन प्रकोष्ठ की ओर से आगामी नैक की तैयारियों को गति प्रदान करने एवं विश्वविद्यालय के सभी टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ को नए दिशा-निर्देशों से अवगत कराने के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आइक्यूएसी प्रकोष्ठ के निदेशक प्रोफेसर नरसिम्हन ने विभिन्न पहलुओं की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि अभी तक जो मापदंड बनाए गए हैं, हमें उनके अनुसार अपने आपको धीरे-धीरे तैयार करना पड़ेगा ताकि जब इसके लिए आवेदन करना पड़े तो एकदम से दबाव महसूस न हो। उन्होंने बताया कि अब बाइनरी एक्रीडिटेशन के अंतर्गत पांच लेवल प्रत्येक मापदंड के लिए प्रदान किए जाएंगे, जिसमें किसी प्रकार का गुणात्मक उत्तर देने की आवश्यकता नहीं होगी और विशेषज्ञों की टीम द्वारा विश्वविद्यालय में विजिट करने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी। सभी डाटा परिमाणात्मक रूप से उसके उचित साक्ष्यों के साथ अपलोड करना होगा। उन्होंने बताया कि नए दिशा निर्देशों के अंतर्गत 10 मापदंडों के आधार पर ग्रेडिंग प्रदान की जाती है। इनमें करिकुलम अर्थात सिलेबस डिजाइन करना, फैकल्टी संसाधन, विश्वविद्यालय इंफ्रास्ट्रक्चर, वित्तीय संसाधन एवं उनका प्रबंधन, टीचिंग एवं लर्निंग, करिकुलर इंगेजमेंट, गवर्नेंस एवं एडमिनिस्ट्रेशन, विद्यार्थियों से मिलने वाला आउटकम, रिसर्च एवं इनोवेशन तथा सस्टेनेबिलिटी आउटकम शामिल है। विश्वविद्यालय की आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के निदेशक प्रोफेसर विकास बत्रा, डायरेक्टर रिसर्च प्रोफेसर पंकज कुमार त्यागी एवं वरिष्ठ प्रोफेसर तेज सिंह के प्रोफेसर नरसिम्हन का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन विधि विभाग में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डा. कुसुम ने किया। प्रोफेसर तेज सिंह ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। प्रोफेसर विकास बत्रा ने बताया कि आगामी शनिवार को इसी विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा।*



रेवाड़ी। व्याख्यान में जानकारी देते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### महिला चालक प्लेटफॉर्म पर आवेदन करने की अंतिम तिथि आज

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार महिलाओं को मोबिलिटी के क्षेत्र में और अधिक अवसर प्रदान को लेकर कार्य कर रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण तथा अंत्योदय विभाग की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महिला चालक प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है, जिसके लिए इच्छुक महिलाएं 13 मार्च तक आवेदन कर सकती है। जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इस प्लेटफॉर्म से जुड़ने के लिए महिला के पास वैलिड टू व्हीलर ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है, जिस पर कोई सस्पेंशन-डिसक्वालिफिकेशन न हो। महिला के पास एक से दो साल का राइडिंग अनुभव, जिले का रिहायशी पता, आयु 18 से 50 वर्ष, मोबाइल एप्लीकेशन व नेविगेशन का इस्तेमाल करना और बेसिक सेफ्टी इंस्ट्रक्शन की काबिलियत होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि एससी-बीसी कटेगरी की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

## मशीन में आकर क्षतिग्रस्त हुआ हाथ, कंपनी प्रबंधन पर केस दर्ज

- पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

कंपनी में कार्य करते समय मशीन में आकर एक श्रमिक का हाथ क्षतिग्रस्त हो गया। उसकी शिकायत पर पुलिस ने प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। आरोप है कि प्रबंधन ने उससे हादसे के बाद कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए, जिनमें हाथ क्षतिग्रस्त होने के पीछे उसी की लापरवाही लिख दिया।

पुलिस शिकायत में रोहड़ाई निवासी झाबर सिंह ने बताया कि वह ठेकेदार के अधीन एक फैक्ट्री में कार्यरत था। वह फैक्ट्री की एक यूनिट पर अकेला कार्य कर रहा था। इसी दौरान उसका मशीन में हाथ आ गया। उसने आरोप लगाया कि हाथ मशीन में आने के बाद वह काफी देर तक चिल्लाता रहा, परंतु हाथ निकालने के लिए गार्ड और सुपरवाइजर नहीं आए। साथ कर्मचारियों ने काफी देर बाद उसके हाथ से मशीन से निकाला। तब तक वह अर्ध बेहोशी की हालत में पहुंच चुका था। उसे बाइक पर बैठाकर अस्पताल ले जाया गया। वहां प्रबंधन ने उससे कागजों पर साइन करा लिए। उसका हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।



रेवाड़ी। अस्पताल में उपचाराधीन कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**लगभग एक सप्ताह तक तापमान में कमी बने रहने के आसार**

# मौसम का मिजाज बदलते ही गर्मी के तेवर नरम

- गेहूं की फसल को मिलेगा बदले हुए मौसम का फायदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

लगातार तल्ख होते जा रहे मौसम के तेवर आखिर नरम पड़ने शुरू हो गए हैं। मौसम में बदलाव के चलते आसमान में बादल गहराने से बूंदाबांदी की संभावना बन गई है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। भारी गर्मी से कुछ दिनों तक राहत मिल सकती है।

वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। तेज धूप के चलते गर्मी ने दोपहर तक जमकर पसीने छुड़ाए। दोपहर बाद कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आसमान में बादल छाने शुरू हो गए, जो शाम तक गहरा गए। इससे शाम के समय गर्मी का असर काफी कम हो गया। अधिकतम तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 36.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 1.3 डिग्री की वृद्धि के साथ 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 36 प्रतिशत तक रहा। 12 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। शाम के समय घने बादल छाने के बाद आंधी के साथ बूंदाबांदी के आसार बन गए। मौसम में बदलाव के चलते शाम के समय गर्मी का असर काफी कम हो गया। मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। आसमान में बादलों के बीच तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। तापमान में शुक्रवार से और कमी आने के आसार हैं, जिससे एक सप्ताह तक भारी गर्मी के प्रकोप से राहत मिली रहेगी।

### बादल छाने से बूंदाबांदी होने की संभावना



रेवाड़ी। वीरवार सुबह शहर में छाए बरसात के बादल। फोटो : हरिभूमि

### गेहूं की फसल से खतरा टला

*भारी गर्मी के कारण गेहूं की फसल को दीमक व रोगों के चपेट में आने की आशंका बनी हुई थी। कई खेतों में अधिक तापमान के कारण गेहूं सूखने लगा था, जिससे फसल उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की पूरी आशंका थी। मौसम में बदलाव के बाद गेहूं की पछेती फसल का पकाव अच्छा होगा, जिससे उत्पादन भी बढ़ेगा। तापमान में कमी पछेती फसल के लिए काफी लाभदायक साबित होगी। वहीं बादलों ने सरसों उत्पादक किसानों को चिंतित भी किया गया है। बारिश के कारण सरसों की पकी हुई फसल खराब हो सकती है। अगर बारिश के ओलावृष्टि होती है, तो किसानों की मेहनत पर पानी फिर सकता है।*

### रेत के टीले पर चढ़ी थार पलटी, चालक ने अस्पताल में तोड़ा दम

**डहीना।** डहीना में निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास बने रेत के टीले पर चढ़कर एक थार गाड़ी पलट गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए चालक की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के पास परिजनों को सौंप दिया। गुलाबपुरा निवासी लगभग 40 वर्षीय दीपक रात के समय थार गाड़ी लेकर डहीना की ओर आ रहा था। निर्माणाधीन फ्लाईओवर के मिट्टी एकत्रित की हुई है। गाड़ी अनियंत्रित होकर मिट्टी के टीले पर चढ़ने के बाद पलट गई। इस हादसे में दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। फ्लाईओवर पर कार्य करने वाले श्रमिकों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस मदद से अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान दीपक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी।



रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ जीव-जंतु अपने रहने के लिए ऐसे आवास बनाते हैं, जिन्हें देखकर तुम दंग रह जाओगे! तुम यही सोचोगे कि इन्होंने इतनी अमेजिंग होम मेकिंग इंजीनियरिंग आखिर सीखी कहां से? जानो, ऐसे ही कुछ जंतुओं के अनोखे घरों के बारे में।

# इंजीनियरिंग का कमाल हैं इन जंतुओं के अनोखे घर



## रूफस हॉर्नेरो
### मिट्टी के ओवन जैसा घोंसला

**दक्षिण अमेरिका** में पाया जाने वाला पक्षी रूफस हॉर्नेरो, अपने मिट्टी से बने घर के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। बच्चो, इस पक्षी की कलाकारी देखकर तुम दंग रह जाओगे। रूफस कीचड़, गोबर और सूखी घास को मिलाकर एक गोल घर बनाता है। इसका आकार पुराने जमाने के मिट्टी के ओवन जैसा दिखता है, इसलिए इसे 'हॉर्नेरो' कहा जाता है। स्पेनिश में 'हॉर्नो' का मतलब ओवन होता है। जब यह मिट्टी का घोंसला धूप में सूखकर सख्त हो जाता है, तो यह कंक्रीट जैसा मजबूत हो जाता है। भारी बारिश और तेज हवाएं भी इसे नहीं तोड़ पातीं। यह घोंसला शिकारियों से सुरक्षित रहने के लिए एक किले की तरह काम करता है। इसका द्वार भूल-भुलैया जैसा होता है। इसके घोंसले का दरवाजा सीधा अंदर नहीं खुलता। इसके अंदर एक घुमावदार दीवार होती है, जो अंग्रेजी अक्षर 'पी' आकार का रास्ता बनाती है। यह दीवार ठंडी हवा को सीधे अंदर जाने से रोकती है। साथ ही सांपों जैसे शिकारियों के लिए बच्चों तक पहुंचने से सुरक्षित रखती है। रूफस हॉर्नेरो, अकसर बिजली के खंभों, ऊंचे पेड़ों या इमारतों के कोनों पर अपना घर बनाते हैं। *



## बोवर बर्ड इंटीरियर डिजाइनिंग की मिसाल

**ऑस्ट्रेलिया और** न्यू गिनी में पाए जाने वाले बोवर बर्ड का अपना घर बनाने का तरीका बड़ा ही अनोखा होता है। बोवर बर्ड अपना बोवर यानी घर बनाने के साथ-साथ उसमें इंटीरियर डिजाइन भी करता है। उसे सजाता है, संवारता है। दिलचस्प बात यह है कि यह बोवर इनका असली घोंसला या आवास नहीं होता है। मादा पक्षी अंडे देने के लिए अलग घोंसला बनाती है। नर बोवर बर्ड, यह सुंदर महलनुमा घर केवल मादा को प्रभावित करने के लिए बनाता है। नर पक्षी टहनियों को जमीन में गाड़कर दो समानांतर दीवारें बनाता है, जो एक गलियारे जैसी दिखती हैं। बोवरबर्ड की कुछ प्रजातियां तो टहनियों से ऊंचे 'मेहराब' भी बनाती हैं। बोवर बर्ड अपनी सजावट के लिए बहुत चूजी होती हैं। साटन बोवर बर्ड को नीला रंग इतना पसंद है कि वह अपने घर के सामने नीले फूल, नीले पंख और यहां तक कि इंसानों द्वारा फेंकी गई नीली प्लास्टिक की बोतल के ढक्कन और पेन जैसी चीजें भी इकट्ठा करते हैं। कुछ बोवर बर्ड अपनी चोंच से फलों के रस या लकड़ी के कोयले को चबाकर 'पेंट' तैयार करते हैं और अपने घर की दीवारों को रंगते हैं। ये पक्षी अपने आंगन में पत्थरों और वस्तुओं को इस तरह क्रम में सजाते हैं (बड़ी चीजें पीछे, छोटी आगे) कि जब मादा बीच में खड़ी होती है, तो उसे नर पक्षी और उसका घर ज्यादा बड़ा और भव्य दिखाई देता है। इस तकनीक को 'फोर्स्ड पर्सपेक्टिव' कहा जाता है। *



## डाइविंग बेल स्पाइडर पानी के तल पर हवेली

**यह दुनिया** की एकमात्र ऐसी मकड़ी है, जो अपना पूरा जीवन पानी के नीचे बिताती है। यूरोप और एशिया के देशों में नदी-तालाबों के तल पर रहने वाली इस मकड़ी के द्वारा बनाई गई 'पानी के नीचे की हवेली' की तकनीक किसी चमत्कार से कम नहीं लगती है। यह मकड़ी पानी के नीचे पौधों के बीच रेशम का एक जाल बुनती है। फिर वह सतह पर जाकर अपने शरीर के पिछले हिस्से और पैरों पर लगे घने बालों की मदद से हवा का एक बुलबुला फंसाकर नीचे लाती है। इस हवा को वह अपने जाल के नीचे छोड़ देती है, जिससे वह एक बेल (घंटी) की तरह फूल जाता है। यह बुलबुला एक 'फिजिकल गिल' की तरह काम करता है। यह पानी से ऑक्सीजन सोखता है और कार्बन डाई-ऑक्साइड को बाहर निकालता है। इस वजह से मकड़ी को बार-बार हवा लेने के लिए सतह पर नहीं जाना पड़ता। इसी हवा भरे बुलबुले के अंदर यह मकड़ी सोती है, खाना खाती है और अंडे देती है। उसका यह घर तैरकर ऊपर न चला जाए, इसके लिए वह इसे रेशमी धागों से जलीय पौधों से मजबूती से बांध देती है। शिकार करने के लिए यह मकड़ी बस अपने पैरों को बुलबुले से बाहर निकालती है और पास से गुजरने वाले कीड़ों को पकड़ लेती है। *





## कोरल पॉलिप्स विशाल-मजबूत कॉलोनियां

**कोरल पॉलिप्स**, समुद्र के वे अदृश्य कलाकार होते हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी और सुंदर जीवित प्रवाल भित्तियां (कोरल रीफ) बनाते हैं। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि चावल के दाने जितने छोटे जीव अंतरिक्ष से दिखने वाले ऊंचे 'पहाड़' खड़े कर देते हैं। प्रत्येक कोरल पॉलिप अपने चारों ओर कैल्शियम कार्बोनेट (चूना पत्थर) का एक कठोर कवच बनाता है। जब ये पॉलिप मर जाते हैं, तो उनके कठोर कंकाल वहीं रह जाते हैं, और नए पॉलिप उनके ऊपर अपना घर बनाना शुरू कर देते हैं। हजारों सालों की इस प्रक्रिया से विशाल कोरल रीफ का निर्माण होता है। *



## प्रेयरी डॉग्स
### जमीन के भीतर अंडरग्राउंड सिटी

**बच्चो, नाम** से कंफ्यूज मत होना! प्रेयरी डॉग्स असल में डॉगी नहीं, बल्कि गिलहरी परिवार के सदस्य हैं, जो जमीन के नीचे अद्भुत अंडरग्राउंड शहर बसाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी इंजीनियरिंग इतनी सटीक होती है कि इंसानी शहरों का ड्रेनेज सिस्टम भी इसके सामने फेल हो जाए। इनके बनाए विशाल 'टाउन' केवल एक बिल नहीं, बल्कि हजारों मील में फैले भूमिगत शहर जैसे होते हैं। टेक्सास (अमेरिका) में एक बार 25,000 वर्ग मील में फैला इनका एक टाउन पाया गया था, जिसमें लगभग 40 करोड़ प्रेयरी डॉग्स रहते थे। ये शहर पीढ़ियों तक चलते हैं। इनके घर में अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग कमरे होते हैं, जैसे- बच्चों के लिए 'नर्सरी', सोने के लिए 'बेडरूम', खाना रखने के लिए 'स्टोर रूम' और यहां तक कि कचरे के लिए अलग जगह होती है। प्रवेश द्वार के पास एक 'लिस्निंग पोस्ट' भी होता है, जहां से वे शिकारियों पर नजर रखते हैं। प्रेयरी डॉग्स अपने बिल के मुहानों को अलग-अलग ऊंचाई पर बनाते हैं। इससे दबाव में अंतर पैदा होता है, जिससे ताजी हवा अपने आप सुरंगों के अंदर घूमती रहती है। यह एक बेहतरीन वेंटिलेशन इंजीनियरिंग का उदाहरण है। ये बिल के प्रवेश द्वार पर मिट्टी के ऊंचे टीले बनाते हैं। ये टीले न केवल इन्हें ऊंचाई से शिकारियों को देखने में मदद करते हैं, बल्कि बारिश के पानी को सुरंग के अंदर जाने से भी रोकते हैं। *

कविता / शादाब आलम

## क्या कहने चावल के


एआई इमेज

क्या कहने चावल के भाई
कम है, जितनी करो बड़ाई।
इसे दूध के साथ मिलाकर
मजा बहुत आता है खाकर।
अगर राजमा चावल पाऊं
तीन प्लेट भरकर मैं खाऊं।
बने पुलाव जब घर में अपने
कोना-कोना लगे महकने।
कढ़ी और चावल की जोड़ी
नहीं किसी ने अब तक तोड़ी।
घूम-घूम कर बेचे भोले
बड़े गजब के चावल छोले।
जब नानी के घर जाता हूं
रोज दही चावल खाता हूं।
आज बनी है घर में तहरी
सुनकर खुश हो गई सुनहरी।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मजेदार कहानियां

बच्चो, हाल में छपकर आई 'होलू का दिमाग चलता है' सात मजेदार कहानियों की किताब है। पहली कहानी 'होलू का दिमाग चलता है' में तुम जिज्ञासु-नटखट होलू के एक से बढ़कर एक काल्पनिक और गुदगुदाते प्रश्नों को पढ़कर हंसे बिना नहीं रहोगे। 'हवा ने चांटा मारा' अर्श से हवा की काल्पनिक बातचीत पर आधारित कहानी है। बोलने में अटकने वाली मुन्नी क्यों उदास हो जाती है, कैसे फिर से खिलखिलाने लगती है? इसे तुम 'भाड़ में जाए' कहानी में पढ़ सकते हो। 'मैं लौट आया' सपने में पक्षी बनकर उड़ते हुए पड़ोसी देश की यात्रा करने वाले बच्चे की प्यारी सी कहानी है। यह कहानी अलग-अलग देशों के बीच होने वाली शत्रुता पर भोले-भाले सवाल पूछती है। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत रोचक और सीख देने वाली हैं। *



**किताब**: होलू का दिमाग चलता है, **लेखक**: दिविक रमेश
**मूल्य**: 175 रुपए, **प्रकाशक**: अनबाउंड स्क्रिप्ट, दिल्ली

अपनी सहेली रूठ जाए तो दिल में टीस होगी ही। अंकिता अपनी सहेली अबीहा से रूठ गई। लेकिन कुछ देर बाद अबीहा ने जो किया, अंकिता की सारी नाराजगी पल भर में दूर हो गई। एक प्यारी-मीठी कहानी।

## रूठ गई सहेली



छोटी कहानी
सिराज अहमद

आज अंकिता अपनी सबसे प्यारी दोस्त अबीहा से रूठ गई थी। वजह बहुत छोटी थी, पर उसका असर बड़ा हो गया। सुबह स्कूल में अंकिता थोड़ी देर से पहुंची, तब तक अबीहा ने सोचा कि शायद वह आज नहीं आएगी, छुट्टी पर है। इसलिए उसने अपनी दूसरी क्लासमेट को अपने बगल में बैठा लिया।

थोड़ी देर बाद अंकिता आ गई। उसने अबीहा के बगल में दूसरी लड़की को बैठे देखा तो उसका चेहरा उतर गया। अंकिता को लगा कि अबीहा ने उसकी जगह किसी और को दे दी। उसने कुछ कहा नहीं, लेकिन मन ही मन अबीहा से नाराज हो गई। लंच टाइम हुआ तो दोनों, जो हमेशा साथ बैठकर खाना खाती थीं, आज अलग-अलग बैठी थीं। अबीहा को यह बहुत बुरा लग रहा था। उसे अपनी दोस्त की चुप्पी काटने लगी। तभी उसे कुछ याद आया। अबीहा ने टिफिन खोला, अंदर मीठे परांठे थे, वही जो अंकिता को बहुत पसंद थे। जैसे ही परांठों की खुशबू फैली, अंकिता की नाक फड़क उठी। वह खुद को रोक न सकी। झटपट उठी, अबीहा की टिफिन की ओर बढ़ी और हंसते हुए बोली, 'यह मेरे हिस्से का परांठा है!'



एआई इमेज

अबीहा ने हंसकर कहा, 'ये लो, पहले तुम खा लो।' अंकिता ने एक टुकड़ा खाया और हंसते हुए क्लास में दौड़ पड़ी। उसके पीछे-पीछे अबीहा भी दौड़ने लगी। क्लास की बाकी बच्चियां हंस-हंसकर लोट-पोट हो गईं।

कुछ देर बाद दोनों थककर साथ बैठ गईं। टिफिन के परांठे बांटकर खाने लगीं। गुस्सा कहीं उड़ गया था। मीठे परांठों की खुशबू ने एक बार फिर उनकी दोस्ती में मिठास घोल दी थी। *



कहानी
क्षमा शर्मा

कैरम की रानी गोटी (क्वीन) और अन्य गोटियों में ऐसा घमंड जागा कि दोनों अपना-अपना महत्व जताते हुए बोलीं कि वे ना हों तो कैरम खेलना मुमकिन नहीं। तभी एक समझदार गोटी ने ऐसा कुछ कहा कि रानी गोटी और अन्य सभी गोटियां अपनी बहस भूलकर आपस में घुल-मिल कर हंस-हंस कर नाचने लगीं। आखिर उस समझदार गोटी ने ऐसा क्या कहा?

## नाचने लगीं गोटियां



आदित्य और अंशु के पास एक कैरम बोर्ड था। अकसर शाम को बाहर खेलने जाने से पहले दोनों कैरम खेलते थे। बहुत बार वे बाहर न जाकर सिर्फ कैरम ही खेलते रहते थे। एक बार कैरम की गोटियों में आपस में बहस हो रही थी कि अगर वे न हों तो कोई कैरम खेल ही नहीं सकेगा। गुलाबी रंग की रानी गोटी यानी क्वीन इन सब की बातें सुन इतरा कर बोली, 'बड़ी चली हो महारानी बनने। जानती नहीं कि तुम सबकी रानी तो मैं ही हूं। मैं न होऊं तो तुम सब कुछ नहीं कर सकोगी।'

एक गोटी जो लड़ाकू थी, वह झिड़ककर बोली, 'तुम तो बस दिखाने भर की रानी हो। अपने बल पर तो अकेली बोर्ड से बाहर भी नहीं निकल सकतीं। हमेशा अपने पीछे हम में से कोई एक चाहिए कवर करने के लिए।'

'अरे रहने दो! अपने आप ही पिछलग्गू बनी चली आती हो मेरे पीछे। ना भी आओ तो मेरा क्या बिगड़ेगा? रहूंगी तो मैं रानी ही।' रानी की अकड़ भरी बात सुनकर बाकी गोटियों को बहुत गुस्सा आया। सबने मन ही मन तय किया कि रानी को सबक सिखा कर रहेंगे। अब जैसे ही दो बच्चे कैरम खेलने बैठते, गोटियां फटाफट बाहर निकलने लगतीं। लेकिन जैसे ही रानी बाहर निकलती बाकी गोटियां जैसे बोर्ड पर जम जातीं। चाहे जितना स्ट्राइकर मारो, वे टस से मस न होतीं। इससे बच्चे बार-बार रानी गोटी को बोर्ड पर पटकते, जिससे उसे चोट भी लगती। वह दर्द से कराहती। बाकी गोटियां इस दशा पर मुस्कुरातीं, 'अरे! रानी है, कर लेगी न सब अपने आप।'

इन सब गोटियों में एक गोटी ऐसी भी थी, जिसे रानी को देख तकलीफ होती। एक दिन उसने अपनी सहेली गोटियों से कहा, 'हम सबने रानी को बहुत सजा दे ली। लेकिन अब इस लड़ाई को खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि यह भी तो हो सकता है कि हमसे खेलने वाले बच्चे हमारी हरकतों से तंग आकर दूसरी गोटियां ले आएं और हमें कूड़ेदान में फेंक दिया जाए। तब हम सबका क्या होगा, तुमने सोचा है? यहां तो हम सब आराम से रहते हैं। गर्मी, सर्दी, बरसात सबसे बचे रहते हैं। बाहर की दुनिया कैसी होगी, क्या पता? कूड़ेदान में से उठाकर किसी ने हमें आग में जला दिया तो..., तब हमारा क्या होगा? आखिर बनी तो हम लकड़ी से ही हैं।' उस गोटी की बातें सुन कर सारी गोटियां सोच में पड़ गईं। सबने देखा कि रानी गोटी के आंसू बह रहे थे। वह बोली, 'वैसे तो मैं रानी हूं, लेकिन मुझे यह बात क्यों समझ में नहीं आई कि गलती मेरी ही थी। घमंड में आकर मैंने अपनी सभी सहेलियों का अपमान किया। सबको मुसीबत में डाल दिया। सॉरी फ्रेंड्स।'

रानी ने यह कहा तो सारी गोटियां खुशी से उछलने लगीं। वे कूद-कूद कर बोर्ड के ऊपर नाचने लगीं। एक-दूसरे को जोक्स सुनाने लगीं और हंस-हंस कर लोट-पोट होने लगीं। उन्हें लगा कि इतनी हंसी तो जीवन में उन्होंने पहली बार सुनी है।

अगले दिन जब आदित्य और अंशु कैरम खेलने लगे तो गोटियों में होड़ लग गई। वे सबकी सब रानी से पहले ही बोर्ड से बाहर जाने की तैयारी करने लगीं। बच्चों को भी आज खेलना बहुत अच्छा लगा। एक गोटी बाहर निकलती तो वे जोर से तालियां बजाते। ऐसा लग रहा था, जैसे सारी गोटियां भी ताली बजा रही हैं। *

## जीके क्विज-196

1. दिल्ली का नया लेफ्टिनेंट गवर्नर किसे नियुक्त किया गया है?
2. हाल ही में किस देश की क्रिकेट टीम को हराकर भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता?
3. चेस के 93 वें ग्रैंड मास्टर बनने वाले इंडियन चेस प्लेयर का नाम क्या है?
4. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
5. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
6. हमारे पड़ोसी देश भूटान की राजधानी का क्या नाम है?
7. सती प्रथा समाप्त करने में किस समाज सुधारक का महत्वपूर्ण योगदान था?
8. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
9. फ्लाइंग सिख के नाम से किस इंडियन एथलीट को जाना जाता है?
10. टाइटन किस ग्रह का उपग्रह है?



**बच्चो, जीके क्विज-196 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-195 का उत्तर :** 1.केरलम, 2.सचिन तेंदुलकर, 3.रॉब जेटन , 4. 20 मार्च, 5.नारंगी, 6.कार्बन डाई ऑक्साइड, 7.किडनी, 8.हीलियम, 9.आर्कटिक महासागर, 10.समुद्रगुप्त

**जीके क्विज-195 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कुणाल-रोहतक, आस्था-दिल्ली, अजय-सिरसा, प्रवीण-ईमेल से, रमेश-रायगढ़, तेजस-रायपुर, सुमन-महेंद्रगढ़, मुकेश-जींद, चंचल-दिल्ली, किशन-बिलासपुर, सचिन-रोहतक

## रंग भरो-197

**रंग भरो-197** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




काशवी, रायपुर


वेदिका, कोरबा


प्रगति, बिलासपुर


कुंजल, रायपुर


रिधान, अंबिकापुर


प्रभु, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, पयोनिधि-अंबिकापुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशनी-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, तेजस-बिलासपुर, सुमन-हिसार

## रंग भरो 198



बच्चो, यहां एक छोटे-से एक्वेरियम में मछली को चारा डालती एक लड़की का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

*दिन-प्रतिदिन बदतर होती सफाई व्यवस्था और आमजन की बढ़ती शिकायतों पर कड़ा संज्ञान*

# 'एक्शन मोड' में प्रधान : हाजिरी लगाकर घर भागने वाले सफाई कर्मचारियों को चेयरमैन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर में दिन-प्रतिदिन बदतर होती सफाई व्यवस्था और आमजन की बढ़ती शिकायतों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी वीरवार को सुबह ठीक सात बजे 'एक्शन मोड' में नजर आए। उन्होंने अचानक नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर सफाई कर्मचारियों की हाजिरी चेक की और स्वयं फील्ड में उतरकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान चेयरमैन ने उन कर्मचारियों को जमकर आड़े हाथों लिया, जो केवल हाजिरी रजिस्टर में हस्ताक्षर कर अपने घरों को लौट जाते हैं। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन रमेश सैनी ने पाया कि नपा के पास पहले से ही सफाई कर्मचारियों का भारी अभाव है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि एक तरफ हमारे पास पर्याप्त स्टाफ नहीं है और दूसरी तरफ तैनात कर्मचारी भी हाजिरी लगाकर गायब हो जाते हैं। यह जनता के साथ सीधा धोखा है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई भी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी में कोताही बरतता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पिछले करीब 4-5 वर्षों में शहर में कूड़ा प्वाइंटों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। मुख्य मार्गों और रिहायशी इलाकों के कोनों पर कचरे के ढेर अब स्थाई पहचान बनते जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों की शिकायत है कि कई पॉइंट से दो-दो दिनों तक कूड़ा नहीं उठाया जाता।

नियम के अनुसार उठान सुबह होना चाहिए, लेकिन गाड़ियां अक्सर दोपहर 12 से दो बजे के बीच पहुंचती हैं। तब तक आवारा पशु कचरे को सड़क पर फैला देते हैं, जिससे दुकानदारों और राहगीरों का निकलना दूभर हो जाता है। नगर नियोजन विशेषज्ञों के अनुसार, दोपहर में कूड़ा उठाना वैज्ञानिक दृष्टि से गलत है। धूप में कचरा जल्दी सड़ता है, जिससे 'मिथेन' जैसी जहरीली गैसें और असहनीय बदबू पैदा होती है। सुबह नौ बजे तक उठान कार्य पूरा हो जाना चाहिए। खुले में पड़ा सड़ता हुआ कचरा हैजा, टाइफाइड और सांस की बीमारियों का प्रमुख कारण बनता है।


महेंद्रगढ़। कर्मचारियों को चेतावनी देते प्रधान रमेश सैनी। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों को सख्त निर्देश और शेड्यूल चार्ट

चेयरमैन ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी डंपिंग पॉइंट्स से कचरे का नियमित उठान सुनिश्चित हो। उन्होंने आदेश दिया कि एक निश्चित शेड्यूल चार्ट बनाया जाए, ताकि जनता को दोपहर की धूप में कचरे की बदबू से परेशान न होना पड़े। उन्होंने कर्मचारियों को 'स्वच्छता दूत' की याद दिलाते हुए काम को ईमानदारी से करने का आह्वान किया।

### कूड़ा सुबह के समय ही डालें

सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए चेयरमैन ने आमजन से भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि नागरिक जागरूक बनें और कूड़ा सुबह के समय ही डालें। यदि संभव हो तो कूड़ा सीधे नगर पालिका के वाहन में ही डालें। दिनभर प्वाइंटों पर कूड़ा फेंकने से वह सड़ता रहता है और बीमारी फैलाता है। शहर को सुंदर बनाना केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है।

## डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर लगाया 19वां रक्तदान शिविर

*युवाओं, सामाजिक संगठनों के सदस्यों तथा ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया*

# चार हजार यूनिट का आंकड़ा पार, माता सती वेलफेयर समिति ने बनाया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय माता सती वेलफेयर समिति गहली (नारनौल) की ओर से वीरवार जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के 65वें जन्मदिन पर 19वां विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र के युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में कुल 187 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस तरह अब तक समिति के अध्यक्ष सिकंदर गहली की अगुवाई में कुल 19 रक्तदान शिविर में 4000 यूनिट का आंकड़ा भी पार कर रिकॉर्ड कायम किया।

इस शिविर का शुभारंभ जजपा के जिला प्रभारी राकेश जाखड़ ने रिबन काटकर किया। इसके बाद डॉ. अजय सिंह चौटाला का जन्मदिन पर केक भी काटा गया। जिला प्रभारी ने कहा कि समिति द्वारा समाज सेवा को अपना मुख्य उद्देश्य मानते हुए समय-समय पर विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए यह रक्तदान शिविर लगाया गया, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

क्षेत्र के युवाओं, सामाजिक संगठनों के सदस्यों तथा ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर में रक्तदाताओं के पंजीकरण से लेकर रक्त संग्रह तक की पूरी व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्तदाताओं की जांच कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया।


नारनौल। शिविर आयोजक सिकंदर गहली को बैज लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर जजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार खातोद, अमरसिंह ब्रह्मचारी, विजयपाल एडवोकेट, विनोद भील, हजारीलाल लंबोरा, बेदू रातां, दिनेश तंवर, प्रमोद तांखर, सचिन पार्षद, अजय एडवोकेट, चैनसुख तोताहेड़ी, राकेश अकबरपुर, संदीप भांखर, विरेंद्र घाटासेर, मनीष शर्मा, संजय यादव, दीपक यादव, जसवंत हुडिना, सतीश हुडिना, संजय शर्मा, कृष्ण यादव, कुलदीप यादव, विकास मांदी, दीपक मांदी, बिल्लू बापड़ोली, धर्मवीर प्रधान, सुनील एडवोकेट, प्रवीण, कर्मवीर मांदी, शेरू चौधरी, सुनील जेवली, राजवीर बड़ेसरा, अमित गहली, नितिश ठेकेदार, गौरव कुंडू, सन्नी, कुनाल शुक्ला, रोहित, हनुमान आदि मौजूद थे।

### 187 यूनिट रक्त एकत्रित

समिति के अध्यक्ष सिकंदर गहली ने बताया कि माता सती वेलफेयर समिति पिछले कई वर्षों से लगातार रक्तदान शिविर आयोजित कर रही है। इस वर्ष लगाया गया यह 19वां रक्तदान शिविर रहा, जिसमें 187 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इसके साथ ही समिति द्वारा अब तक आयोजित किए गए कुल 19 रक्तदान शिविरों में रक्तदान का आंकड़ा 4000 यूनिट से अधिक 4037 हो गया है, जो क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। समाज में रक्त की आवश्यकता हमेशा बनी रहती है, इसलिए युवाओं को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि समिति का उद्देश्य केवल रक्तदान तक सीमित नहीं है। बल्कि समाज के हर वर्ग की सहायता करना भी है। इसके लिए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे।

### वक्ताओं ने सराहा, बोले... इससे बड़ी कोई सेवा नहीं

रक्तदान शिविर में उपस्थित लोगों ने भी समिति की इस पहल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए रक्त की आवश्यकता सबसे महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में सामाजिक संस्थाओं की ओर से लगाए जाने वाले रक्तदान शिविर समाज के लिए बेहद उपयोगी साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हर स्वस्थ व्यक्ति समय-समय पर रक्तदान करें तो किसी भी मरीज को रक्त की कमी के कारण परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### इनको किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे शिविर लगातार आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग रक्तदान के लिए प्रेरित हों और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों और स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समिति की ओर से स्वास्थ्य विभाग रेवाड़ी रक्तकोष शाखा से डॉ. नेहा व डॉ. सोनाली और नारनौल रक्तकोष शाखा से डॉ. संगीता यादव, डॉ. एसपी सिंह व नरेंद्र एलटी, जिला रेडक्रॉस सोसायटी से कौशल, राजकुमार व सुनील की टीम को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

## न्यूज डायरी

### पंजाबी समाज 13 को करेगा रूद पूजा, सत्संग व भंडारा

**रेवाड़ी।** आर्ट ऑफ लिविंग व पंजाबी समाज के सहयोग से 13 मार्च को शाम 6 बजे से रूद पूजा, सत्संग व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया की इस ऐतिहासिक उत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सोमनाथ ज्योर्तिलिंग के ऐतिहासिक अवशेष रेवाड़ी में आ रहे है, जिसकों लेकर सभी स्वयंसेवकों में उत्साह है। आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक व स्वयंसेवक सुमन यादव, सुषमा यादव, जीतेन्द्र मेहंदीरत्ता, करण सिंह, सजय गेरा, चरत अग्रवाल, हितेश गाबा, राजीव शर्मा, विपीन ढींगरा, नवीन अदलखा, अनिल मखीजा, दिनेश गोयल, ब्रह्मप्रकाश भारद्वाज व पंजाबी समाज के प्रधान सचिन मलिक सहित अनेक स्वयंसेवक कार्यक्रम में सहयोग कर रहे है।




### कैंप में 42 प्रशिक्षुओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

**रेवाड़ी।** राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष के जन्मदिन पर वीरवार को जिला रेडक्रॉस कार्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा के उपाध्यक्ष व महासचिव के निर्देशानुसार डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन व जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव बिजेंद्र सोरोत की देखरेख में लगाया गया। शिविर में प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 42 प्रशिक्षुओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए सेवानिवृत्त उप सिविल सर्जन डा. बसंत कुमार ने कहा कि रक्त शरीर के अंदर ही बनता है। इसे अन्य उत्पाद की तरह नहीं बनाया जा सकता है। रक्तदाता की ओर से दिया गया रक्त किसी को भी जीवनदान दे सकता है। युवा वर्ग को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए ताकि रक्त के अभाव में किसी भी मनुष्य की जान न जाए।



### अवैध कब्जे की शिकायत पर दिए जांच के निर्देश

**रेवाड़ी।** वीरवार को एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार ने लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आए लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता से निवारण करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में गांव खरखड़ा व बाम्मड़ में रास्ते पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत पर डीडीपीओ को जांच के निर्देश दिए। इसके अलावा परिवार पहचान पत्र, पेंशन, बिजली, जल आपूर्ति, राशन कार्ड व पुलिस सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें आई, जिनका एसडीएम ने मौके पर ही निवारण कराया। एसडीएम ने बताया कि जनता व प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करते हुए लोगों की समस्याओं का निवारण व जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### डीसी 19 तक करेंगे खारिज दावे व आपत्तियों का निपटान



**रेवाड़ी।** नगर परिषद रेवाड़ी व नगर पालिका धारूहेड़ा के आम चुनाव को लेकर वार्ड वाईज मतदाता सूची के प्रारम्भिक प्रकाशन के दावे व आपत्ति की अपील डीसी अभिषेक मीणा के समक्ष 13 से 16 मार्च तक की जा सकती है। अपील उपायुक्त कार्यालय के कमरा नंबर 113 में ली जाएगी। सीटीएम जितेंद्र कुमार ने बताया कि नगर परिषद रेवाड़ी व नगर पालिका धारूहेड़ा की वार्ड वाइज मतदाता सूची का ड्राफ्ट तैयार करने उपरांत रिवाईजिंग अथोरिटी के समक्ष दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गई थी। रिवाईजिंग अथोरिटी के द्वारा निरस्त दावे व आपत्ति की अपील जिला उपायुक्त के समक्ष 16 मार्च की जा सकेंगी तथा 19 मार्च तक उपायुक्त की ओर से अपीलों का निपटारा किया जाएगा। उसके उपरांत 27 मार्च को अंतिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा।

### गजानंद और नितिन को मिलेगा राज्य एनएसएस पुरस्कार


गजानंद।


नितिन।

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के दो एनएसएस स्वयंसेवक गजानंद और नितिन कुमार को सत्र 2023-24 के लिए हरियाणा राज्य का सर्वोच्च स्टेट एनएसएस अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। इस उपलब्धि पर विवि के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों के हित और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। गजानंद और नितिन कुमार विश्वविद्यालय की एनएसएस यूनिट-4 के स्वयंसेवक रहे हैं, जिन्होंने एनएसएस के माध्यम से समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थियों ने सभी विजेताओं को बधाई दी है।

## खाद्य सुरक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखना अत्यंत आवश्यकः उपायुक्त

- डीसी अभिषेक मीणा ने ली खाद्य सुरक्षा और स्वस्थ आहार पर जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय सलाहकार समिति यानि डीएलएसी के साथ समीक्षा बैठक की। डीसी ने जिले में खाद्य सुरक्षा तथा स्वस्थ आहार को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों को जिला में फूड सेफ्टी मानकों तथा सुरक्षा को लेकर सैंपलिंग करने और लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में खाद्य सुरक्षा उपायों की वर्तमान स्थिति तथा नागरिकों को सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य की दृष्टि से खाद्य सुरक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिला के बाजारों में गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए, साथ ही निरीक्षण टीमों द्वारा समय-समय पर खाद्य उत्पादों की वैज्ञानिक पद्धति से सैंपलिंग लेकर लैब द्वारा जांच कराई जाए और कमियां पाई जाने पर



रेवाड़ी। अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते डीसी।

## एचटी लाइन से पीड़ित किसानों ने डीसी से मुलाकात कर मांगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिले में एचटी लाइन से पीड़ित किसानो की डीसी कैप्टन मनोज कुमार से एक बैठक भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमे किसानो की काफी मांगों को लेकर विचार विमर्श हुआ। किसानो की जमीन से गुजर रही खेतड़ी नरेला लाइन से संबंधित किसानों की बार बार जिला प्रशासन के पास किसानों द्वारा अपील करने पर भी कोई उचित कार्रवाई की जा चुकी है तथा जिला प्रशासन के आदेशानुसार शुरू किए गए समाधान शिविर में लाइन के अंतर्गत आने वाले रा राइट ऑफ वे के अंतर्गत आने वाले मकान, ट्यूबवेल तथा अन्य प्रतिष्ठान के नुकसान की पूर्ति को लेकर पावरग्रिड की तरफ से किसान को नकारने की बात सामने आई, जो पालिसी की कानूनी दृष्टि से तर्कसंगत नहीं है। डीसी ने किसानों की बात को समझा और आश्वासन दिया की आपकी समस्या का समाधान दो तीन दिन में कर दिया जाएगा।


महेंद्रगढ़। डीसी से मिलने आए जिले के किसान। फोटो : हरिभूमि

### कड़ी मेहनत और लगन से ही मिलती है सफलताः प्रो. विजय यादव

# यूपीएससी में 958वीं रैंक पाने वाली छात्रा सुनीता का सम्मान

*समारोह में महाविद्यालय परिवार की ओर से सुनीता को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्रा सुनीता पुत्री गुणपाल सिंह निवासी गांव हंसावास कलां जिला चरखी दादरी को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। सुनीता ने संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में 958वीं रैंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि महाविद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। सुनीता वर्ष 2016-17 में राजकीय महाविद्यालय से मेडिकल संकाय की छात्रा के रूप में उत्तीर्ण हुई थी। महाविद्यालय में पहुंचने पर सुनीता का प्राचार्य, प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों द्वारा फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। आयोजित समारोह में महाविद्यालय परिवार की ओर से सुनीता को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र के माध्यम से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की सराहना की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. विजय यादव, राजकीय महाविद्यालय सतनाली प्राचार्य डॉ. सुधीर लांबा तथा राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने सुनीता को स्मृति चिह्न भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने कहा कि सुनीता की यह सफलता महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, समर्पण और दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।



महेंद्रगढ़। छात्रा सुनीता को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह, एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर डॉ. कैप्टन शमशेर सिंह, डॉ. पविता यादव, डॉ. परमीत कुमारी, डॉ. मुकेश कुमारी, प्रो. अलका, प्रो. अंशु यादव, प्रो. गगनदीप यादव, प्रो. अंजू कुमारी, डॉ. कपिशा नेहरा, प्रो. जितेंद्र कुमार, प्रो. समृद्धि, सेवानिवृत्त उपाधीक्षक अनिल कानोडिया, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. अरुण भारत, डॉ. संदीप कुमारी, डॉ. मंजू कुमारी, डॉ. अनीता यादव, डॉ. विजया बाई, डॉ. पिंकी, डॉ. कुसुमलता, डॉ. रितु रानी, डॉ. रिनू यादव, डॉ. अमिता कुमारी, डॉ. पूजा रानी, डॉ. अंजू कुमारी, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. अनूप कुमारी, दीपक कुमार, प्रद्युम्न व अजय पाल उपस्थित रहे।

## गोठड़ा टप्पा डहीना में प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आज

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से 13 मार्च को गांव गोठड़ा टप्पा डहीना में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीटीएम जितेंद्र कुमार ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। सीटीएम ने बताया कि सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

**सूचना**

मैं, संदीप कुमार पुत्र श्री जगदीश निवासी मकान न० 702, नजदीक कविता नर्सिंग होम, रेलवे स्टेशन कोसली तह० कोसली जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरी पुत्री ईशीता शर्मा के जन्म प्रमाण-पत्र में उसका नाम गलती से ईशीता दर्ज हो गया है। ईशीता व ईशीता शर्मा दोनों मेरी एक ही लड़की के नाम हैं। भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए उसका नाम ईशीता शर्मा ही रहेगा।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की

# पुलिस टीम ने अवैध कारोबारों में संलिप्त 258 आरोपियों को दबोचा

बारह साइबर ठग किए काबू, अवैध शराब, जुआ एवं सट्टा में लगाई गई राशि, अवैध हथियार, अवैध मादक पदार्थ व चोरी किए गए 7 वाहन किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से बीते फरवरी माह में चलाए गए स्पेशल अभियान के तहत अवैध कारोबारों में संलिप्त आरोपियों पर शिकंजा कसा गया है। पुलिस टीम ने अवैध कारोबारों में संलिप्त 258 आरोपियों की दबोचा है। पुलिस ने अवैध शराब बेचने, सट्टा खाईवाली व जुआ खेलने, अवैध हथियारों के शौकिन व ड्रग्स की तस्करी करने वाले आरोपियों को काबू किया है। इनके अलावा ब्लैक फिल्म एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिले के सभी थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्ज, सीआईए स्टाफ तथा पीओ स्टाफ को विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों की धर पकड़ के लिए निर्देश दिए गए है। एसपी ने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



रेवाड़ी। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए गश्त करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### ड्रग्स की तस्करी करने वाले किए काबू

पुलिस ने ड्रग्स की तस्करी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 89.19 ग्राम सुल्फा, 15.29 ग्राम स्मैक व 1.79 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त 2 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 450 पेटी अग्रेजी शराब बरामद की गई है। जुआ एवं सट्टा खाईवाली में 4 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 7140 रुपये की राशि बरामद की गई।

### गुमशुदा की तलाश कर परिजनों का सौंपा

पुलिस ने गत माह जिले से लापता हुए 56 लोगों को तलाश कर उनके परिजनों का सौंपा गया। इनमें 14 नाबालिक लड़के-लड़कियां तथा 42 महिला व पुरुष शामिल थे।

### अवैध हथियार बरामद किए

पुलिस ने गत फरवरी माह में साइबर ठगी के विभिन्न मामलों संलिप्त 12 साइबर ठगों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। इसके अलावा 10 उद्घोषित-जमानोत्तर अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। पुलिस ने 3 अलग-अलग मामलों में अवैध हथियारों के साथ 4 आरोपियों को काबू किया तथा उनके कब्जे से 3 देशी कट्टे, 1 देशी पिस्टल व 2 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

### वाहन चोरी व गृहभेदन के मामलों में पकड़े

पुलिस ने अभियान के दौरान 17 लाख 95 हजार 500 रुपये से ज्यादा कीमत की चोरी हुई 6 बाइक व 1 कार को बरामद किया। इन वारदातों को अंजाम देने वाले 19 आरोपियों पर शिकंजा कसा गया। वहीं गृहभेदन एवं चोरी के मामलों में 17 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे 4 लाख 30 हजार 200 रुपये की कीमत के चोरी किए गए सामान को बरामद किया गया है।

### वाहन चालकों के काटे गए चालान

पुलिस ने फरवरी माह में ब्लैक फिल्म एवं शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान किए। ट्रैफिक पुलिस ने 27 ब्लैक फिल्म लगे वाहन, 108 ड्रिंकिंग ड्राइविंग, 1666 विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, 280 विदाउट नंबर प्लेट, 1334 ट्रिपल राइडिंग, 4 बुलेट बाइक पर पटाखा बजाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।

### डायल 112 नंबर पर दें सूचना

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन से अपील करते हुए कहा किसी भी तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की सूचना पुलिस थाना, चौकी, कंट्रोल रूम या डायल 112 नंबर पर दें सकते हैं।



# 9.46 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में 12वां आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष गांव पीथनवास निवासी एक व्यक्ति से स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 9.46 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान छत्तीसगढ के जिला बिलासपुर के श्याम नगर लिंगीयाडीह निवासी कृष्ण दास उर्फ केडी के रूप में हुई हैं। पुलिस इस मामले में 11 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। गांव पीथनवास निवासी जयकृष्ण आभीर 24 अगस्त 2025 को सोशल मीडिया पर व्हाट्स एप ग्रुप से जुड़ा था, जिसके बाद उसका व्हाट्स पर आरोपियों से संवाद होना शुरू हो गया। आरोपियों ने उससे स्टोक मार्केट मे इन्वेसमेंट करने की बात कह कर एक एप उसके मोबाइल में इंसटाल करा दी। इसके बाद आरोपियों ने उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए अलग-अलग बैंक खातों में कुल 9 करोड 46 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। जब उसने यह राशि वापस निकालने का प्रयास किया तो उससे और पैसा जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला।

पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त कृष्ण दास उर्फ केडी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैक खाते में 10 लाख रुपये गए थे। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी कृष्ण दास उर्फ केडी। फोटो : हरिभूमि

### मामले में संलिप्त 11 आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

पुलिस ने मामले में संलिप्त 11 आरोपी जिला गुरूग्राम के नरहेड़ा निवासी अजय ओमपाल, बिहार के जिला पटना के वैस्टेर रामकृष्णत नगर निवासी पृथ्वी राज चौहान, बिहार के जिला पटना के विकर सैक्सजन कॉलोनी कंकडबाग निवासी तरूणचन्द्रम झां,कोलकाता के गोबरा गोरस्थान रोड निवासी शुभम माली, कर्नाटक के मैसूर के क्रॉस रोड गोसिया नगर निवासी मोहम्मद आफताब, मैसूर के क्रॉस रोड मंडी मोहल्ला हाल आबाद शांति नगर मैसूर निवासी मोहम्मद अबूबकर सिद्धकी, कोलकाता के दक्षिणी चौबीस प्रगना बौरेल हाल आबाद दिल्ली के कालकाजी के अरावली अपार्टमेंट निवासी अनिर्बंन भट्टाचार्य, बिहार के जिला सिवान के गांव नरहिया निवासी संजीव कुशवाह, गांव बडगांव गुघा टोला निवासी संदीप कुमार व रवि कुमार, एमपी के जिला भोपाल की सागर लैंडमार्क सोसाइटी हाल आबाद बिहार के जिला वेस्ट चम्पारण के गांव गोवर्धन निवासी चन्दन कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

# गर्ल्स कॉलेज में साहित्यिक कार्यशाला छात्राओं से सशक्त बनने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में पांच दिवसीय साहित्यिक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का शीर्षक अनसंग टू अनस्टॉपेबलः द वूमेनस लीगेसी एक्रॉस फील्ड्स रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डा. ज्योति यादव ने किया। उन्होंने छात्राओं से स्वयं को शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से सशक्त बनने का आह्वान किया। कार्यशाला के पहले दिन प्रातःकालीन सत्र में पुस्तक समीक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें 17 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीकॉम की छात्रा काजल ने एटोमिक हैबिट्स के लेखक जेम्स क्लियर की पुस्तक पर उत्कृष्ट समीक्षा प्रस्तुत कर प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रही बीएससी की छात्रा पूजा ने द पावर ऑफ पॉजिटिव थिंकिंग के लेखक नॉर्मन विंसेंट की पुस्तक पर अपने विचार प्रस्तुत किए। तृतीय स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हेमलता को प्राप्त हुआ, जिन्होंने महादेवी वर्मा की प्रसिद्ध रचना परिवार एवं नीलकंठ पर भावपूर्ण समीक्षा-प्रस्तुत की। इनके अलावा एमए अंग्रेजी की छात्रा रेणु ने प्रसिद्ध लेखिका अरुंधती रॉय के उपन्यास पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डा. शर्मिला यादव ने किया। उन्होंने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति एवं प्रेरणादायक शब्दों से छात्राओं में आत्मविश्वास और उत्साह का संचार किया। निर्णायक मंडल में डा. यशपाल, डा. रेणु तथा डा. योगेश शामिल थे।

कार्यशाला के दूसरे दिन हिंदी काव्य-पाठ सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें 14 प्रतिभागी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने विविध विषयों पर प्रभावशाली काव्य-पाठ प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में बीकॉम की छात्रा काजल और खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीएससी की छात्रा पूजा और हर्षिता ने द्वितीय, जबकि एमए अंग्रेजी की छात्रा सुजाता तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हेमलता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ के सदस्य भी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। विजेता छात्राएं शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

निर्णायक मंडल की भूमिका में डा.अनीता रानी, डा. रेखा गर्ग, संदीप कुमार व डा. पूनम पूनिया शामिल थी। शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आईजीयू के डा. सुशांत को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मिलेगा राज्य एनएसएस पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर की घीसा की ढाणी निवासी तथा इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के पूर्व एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डा. सुशांत यादव को हरियाणा सरकार की ओर से सत्र 2023-24 के लिए राज्य एनएसएस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में उच्चतर शिक्षा निदेशालय की एनएसएस इकाई की ओर से अधिसूचना जारी की जा चुकी है। डा. सुशांत यादव आईजीयू के पहले कार्यक्रम अधिकारी हैं,जिन्हें यह प्रतिष्ठित राज्य एनएसएस पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और एनएसएस स्वयंसेवकों को दिया है। डा. सुशांत यादव 29 अगस्त 2018 से 27 जुलाई 2025 तक इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर के रूप में कार्यरत थे। इस दौरान विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। उनके मार्गदर्शन में अब तक 5 स्वयंसेवकों को राज्य एनएसएस पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। उनके नेतृत्व में पहली बार स्वयंसेवक योगेश कुमार गणतंत्र दिवस राजपथ परेड में शामिल हुआ। वहीं विश्वविद्यालय को पहली बार राष्ट्रीय एनएसएस पुरस्कार प्राप्त हुआ। स्वयंसेवक योगेश कुमार को राष्ट्रपति की आरे से नेशनल एनएसएस अवॉर्ड दिया गया।

इस उपलब्धि पर उनके ताऊ गजराज सिंह, पिता महेंद्र सिंह, माता निर्मल देवी व चाचा नरेंद्र कुमार सहित परिवार के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### शुभकामनाएं दी

लक्ष्मी चंद, सुमेर सिंह, लोकेश कुमार, बुजुर्ग शेर सिंह, रामकुमार, धर्मपाल, भजनलाल, धर्मबीर, उदयराम व ओमप्रकाश सहित प्रियंका यादव सहित मुकेश सुल्तानिया, अमन राव, सचिन, डा. सुधीर यादव, मोहित कुमार, मनोज शर्मा व राकेश कुमार ने डा. सुशांत यादव को शुभकामनाएं दी है।



रेवाड़ी। नगर परिषद में पहुंचे शांति नगर के निवासी व अन्य लोग। फोटो : हरिभूमि

### शहर में कचरा कलेक्शन व्यवस्था फेल आमजन ने नप कार्यालय पहुंच कर जताया रोष

रेवाड़ी। शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए नया टेंडर करने के बाद 9 फरवरी को फर्म की ओर से कार्य शुरू किया गया, लेकिन अभी तक सभी वार्डो में सुचारू रुप से कचरे का उठान नहीं किया जा रहा है, जिसका मुख्य कारण फर्म की ओर से पूरी गाड़ियों की व्यवस्था नहीं करना है। कचरा कलेक्शन नहीं होने पर नागरिकों में काफी रोष पनप रहा है। नगर परिषद की ओर से फर्म को 5 साल के लिए 23.5 करोड़ का ठेका दिया गया है। कई वार्डों में कचरा उठाने वाली गाड़ियों नहीं पहुंच रही हैं। शांति नगर की महिलाओं सहित अन्य शहरवासियों ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर इसका विरोध किया। महिलाओं ने बताया कि नगर परिषद ने घर-घर से कचरा उठाने के लिए करोड़ों रुपये का ठेका दिया है, लेकिन जमीनी स्तर पर यह व्यवस्था पूरी तरह फेल है। शांति नगर की महिलाओं ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड में खाली पड़े प्लॉटों में कूड़ा डालने को मजबूर होना पड़ रहा है। कई दिनों तक कचरा उठाने वाली गाड़ियां नहीं आती है। कचरे के ढेर लगने से गंदगी और दुर्गंध फैल रही है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे नगर परिषद कार्यालय में ही कचरा डालने को मजबूर होंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले दो वर्षों से टेंडर न होने के कारण दिक्कतें आई हैं। उन्होंने कहा कि अगले तीन महीनों में शहर की कचरा प्रबंधन व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाएगी।

### यात्रियों को गर्मियों की छुट्टियों में एक अप्रैल से तीन जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की मिलेगी सुविधा

रेवाड़ी। रेलवे की ओर से आगामी गर्मियों की छुट्टियों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 3 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ अमित सुदर्शन ने बताया कि दो जोड़ी रेवाड़ी-रींगस रेलसेवाओं का एक अप्रैल से 29 जून तक तथा जयपुर-भिवानी ट्रेन का 15 जुलाई तक विस्तार किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09633/09634 रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा में रेवाडी से 1 अप्रैल, 2, 3, 4, 5, 11, 12, 18, 19, 25, 26 व 30 अप्रैल, 2 मई, 3, 9, 10, 12,16,17, 23, 24, 26, 30 व 31 मई, 6 जून, 7, 10, 13, 14, 20, 21, 24, 25, 27 व 28 जून तक तथा रींगस से 2 अप्रैल, 3, 4, 5, 6, 12, 13,19, 20, 26 व 27 अप्रैल, 1 मई, 3, 4, 10, 11, 13,17, 18, 24, 25, 27 व 31 मई, 1 जून, 7, 8,11,14,15, 21, 22, 25, 26, 28 व 29 जून तक का विस्तार किया जा रहा है।

गाड़ी संख्या 09637/09638 रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा का रेवाड़ी से 1 अप्रैल, 3, 4, 5, 11, 12, 13, 18,19, 25, 26 व 27 अप्रैल, 1 मई, 2, 3, 9,10, 13, 16, 17, 23, 24, 27, 28, 30 व 31 मई, 6 जून, 7, 11, 13,14, 20, 21, 25, 26, 27, 28 व 29 जून का एवं रींगस से 1 अप्रैल, 3, 4, 5, 11, 12, 13, 18, 19, 25, 26, 27 अप्रैल, मई, 2, 3, 9, 10, 13, 16, 17, 23, 24, 27, 28, 30 व 31 मई, 6 जून, 7, 11, 13, 14, 20, 21, 25, 26, 27, 28 व 29 जून को विस्तार किया जा रहा है।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस टीम ने की 256 लोगों की पहचान 73 नशा पीड़ितों का करवाया इलाज

रेवाड़ी। जिले को नशामुक्त बनाने को लेकर पुलिस की नशा मुक्त टीम लगातार ग्रामीण दौरे कर रही हैं। वीरवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में टीम ने गांव जोनियावास, मसानी व जोनावास में ग्रामीणों के साथ बैठक की तथा गांवों को नशा मुक्त करने व युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशामुक्ति टीम ने वीरवार को एक नशा पीड़ित व्यक्ति की काउंसलिंग कराकर डी एडिक्शन सेंटर में भी भर्ती करवाया। पुलिस टीम ने अब तक नशे से पीड़ित 256 लोगों की पहचान की है, जोकि किसी न किसी प्रकार के नशे से पीड़ित है। इसके अलावा 73 नशा पीड़ितों का इलाज करवाया गया है। इस मौके पर निरीक्षक रामपाल ने कहा कि अगर पुलिस और आमजन आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका प्रशासन की मदद से इलाज कराकर उन्हें फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है, कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई करता है तो पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे। उन्होंने गांव के नौजवानों और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वे नशे के विरुद्ध इस युद्ध में पुलिस का सहयोग करे। गांव में किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी।

**प्रतियोगिता** प्रतियोगिता का आयोजन विभागाध्यक्ष रचना यादव के नेतृत्व में किया गया

# बहुतकनीकी धामलावास में दो दिवसीय खेलकूद सम्पन्न, लड़के व लड़कियों ने दिखाए जौहर

- लड़कों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी गगन, हिमांशु व विशाल तथा लड़कियों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रेनु, महक व आकांक्षा को चुना गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय बहुतकनीकी धामलावास में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता का आयोजन विभागाध्यक्ष रचना यादव के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क को बढ़ावा देती हैं। समापन समारोह के मुख्यातिथि लोक निर्माण विभाग से एक्सईएम सतेंद्र श्योराण और विशिष्ट अतिथि लिसाना पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य प्रवीन सतीजा थे। मंच संचालन प्रेस प्रवक्ता राकेश यादव ने किया। लड़कों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी गगन, हिमांशु व विशाल को चुना गया। लड़कियों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रेनु, महक व आकांक्षा को चुना गया।



रेवाड़ी। खेलों के समापन पर रस्साकस्सी में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे लड़कियों की प्रतियोगिताओं के परिणाम

लड़कियों की 200 मीटर रेस में एमएलटी से रेनु प्रथम, महक द्वितीय और कंप्यूटर से निशु तीसरे स्थान पर रही। लड़कियों की लंबी कूद में एमएलटी से रेनु प्रथम, महक द्वितीय व इलेक्ट्रॉनिक्स से श्वेता ने तृतीय स्थान हासिल किया। लड़कियों की शार्टपुट में एमएलटी से महक प्रथम, एमएलटी से प्रिया द्वितीय व एमएलटी से रेनु तृतीय स्थान पर रही। लड़कियों की ऊंची कूद में एमएलटी से रेनु प्रथम, एमएलटी से महक द्वितीय व इलेक्ट्रॉनिक्स से स्वेता तृतीय स्थान पर रही। लड़कियों के डिस्कस थ्रो में रेनु ने पहला, महक ने दूसरा व आकांक्षा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की जैवलिन थ्रो में इलेक्ट्रिकल से प्रथम,ऑटोमोबाइल से द्वितीय व इलेक्ट्रिकल से तृतीय स्थान पाया।

### ये रहे लड़कों की प्रतियोगिताओं के परिणाम

लड़कों की 200 मीटर दौड़ में मैकेनिकल से मोहित प्रथम, इलेक्ट्रिकल से विशाल द्वितीय व इलेक्ट्रिकल से हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 400 मीटर दौड़ में मैकेनिकल से हिमांशु प्रथम, कंप्यूटर से चिराग द्वितीय व इलेक्ट्रिकल से विशाल तृतीय रहे। लड़कों की 5000 मीटर दौड़ में मैकेनिकल से इंद्रजीत प्रथम, मैकेनिकल से हिमांशु द्वितीय व मैकेनिकल से नवीन तृतीय स्थान पर रहे। लड़कों की शार्टपुट में एमएलटी से गगन प्रथम, ऑटोमोबाइल से दीपक द्वितीय व मैकेनिकल से पार्थबेस तृतीय रहे। लड़कों की ऊंची कूद में एमएलटी से गगन प्रथम, एमएलटी से पंकज द्वितीय व मेकेनिकल से हिमांशु तृतीय स्थान पर रहे। लड़कों के डिस्कस थ्रो में एमएलटी से गगन प्रथम, मैकेनिकल से हिमांशु द्वितीय व एमएलटी से सोमवीर तृतीय स्थान पर रहे। लड़कों की जैवलिन थ्रो में गगन प्रथम, अनुज द्वितीय व मोहित तृतीय स्थान पर रहा।

### ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

रस्साकस्सी स्पर्धा में शिक्षक स्टाफ ने प्रथम प्रथम व छात्रों की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। चतुर्थ श्रेणी स्टाफ रेस में कृष्ण महाखरिया प्रथम, राजबीर द्वितीय व संजय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्टाफ मेल रेस में मोहित ने प्रथम, नीरज ने द्वितीय व नवीन ने तृतीय स्थान हासिल किया। खेल अधिकारी मनेंद्र सिंह ने कहा कि खेलकूद से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है। छात्रनिधि अध्यक्ष अनिल यादव ने विद्यार्थियों की सराहना की। मुख्यातिथि ने विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभागाध्यक्ष रचना यादव ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष अमितेन्द्र, मुकेश पुनिया, परमजीत यादव, पवित्रपाल यादव, रामकुमार, रामानंद यादव, विजय यादव, ललित मोहन, प्रदीप कुमार, सरिता, नीरज, नवीन, मुकुल, साहिल, निशान्त, दीपिका, प्रेमचंद, पवन, मनोज, अश्वनी, अजीत व कृष्ण महाखरिया सहित अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।